रजिस्ट्री सं० डी०—डी-73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 29, 1980 (चैत्र 9, 1902)

No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 29, 1980 (CHAITRA 9, 1902)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

पृष्ठ

भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . . 291

भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 385

भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . —

भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 381

भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . . —

भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयक संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . . —

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . 691

भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 871

भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 151

भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . 3385

भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 161

भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं 29

भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 1197

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 49

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	291
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	385
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	381
PART II—SECTION 1.—Act, Ordinances and Regulations.	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committee on Bills	—
PART II.—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	691
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	871
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	151
PART III—SECTION 1.—Notification issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3385
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	161
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	29
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1197
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	49

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1980

सं० 28-प्रेज/80.—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी अति असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "परम विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लैफ्टिनेंट जनरल जितेन्द्र चन्द्र चटर्जी (एम० आर० 495) ए० एम० सी०।

2. वाइस एडमिरल विवियन ऐरिक चार्ल्स बार्बोजा, ए० वी० एस० एम० तथा बार (00033 जेड)।

3. एयर मार्शल चन्द्र कान्त श्रीधर नायक, ए० वी० एस० एम० वी० एस० एम० (3499) वै० ई० (यां०)।

4. एयर मार्शल लक्ष्मण माधव कात्रे, ए० वी० एस० एम० तथा बार (3117) उड़ान (पायलट)।

5. मेजर जनरल जगदर्शन सिंह मोर्ई (आई० सी० 1595) इंजीनियर्स।

6. मेजर जनरल नटराजन रामचन्द्रन (आई० सी० 3755) इन्फैन्ट्री

7. मेजर जनरल मोहन लाल (आई० सी० 2429) इन्फैन्ट्री।

8. मेजर जनरल गिरीश नारायण सिन्हा (आई० सी० 2781) इन्फैन्ट्री।

9. मेजर जनरल लछमण दास खुराना (एम० आर० 426) वी० एस० एम०, ए० एम० सी०।

10. मेजर जनरल हरि नारायण सिहल (आई० सी० 3210) ए० वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री, (सेवानिवृत्त)।

11. मेजर जनरल मुलामूत्तिल गीवारुगीज एब्राहम (आई० सी० 2103) ए० ओ० सी०, (सेवानिवृत्त)।

12. मेजर जनरल पृथ्वी राज (आई० सी० 4281) इन्फैन्ट्री (सेवा निवृत्ति)।

13. मेजर जनरल अनन्त विश्वनाथ नाटू (आई० सी० 4703) एम० वी० सी०, इन्फैन्ट्री, (सेवानिवृत्ति)।

14. एयर वाइस मार्शल कुप्पुस्वामियर चिन्दाम्बरम (3531 परिभारिकी (सेवानिवृत्ति)।

सं० 29-प्रेज/80.—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "अति विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल महेश चन्द्र रावत (आई० सी० 2292) सिगनल्स

2. रियर एडमिरल यशवन्त नारहर इनामदार (40017-वाई)।

3. ब्रिगेडियर सम्पूरन सिंह अहलूवालिया (आई० सी० 2333) इंजीनियर्स।

4. ब्रिगेडियर वेंकटारमनय्या नागभूषण (आई० सी०-4630) ई० एम० ई०।

5. ब्रिगेडियर सत्यवान सिंह ढिल्लों (आई० सी० 5115) इन्फैन्ट्री।

6. ब्रिगेडियर प्रेम नारायण कपूर (आई० सी० 6322) इंजीनियर्स।

7. ब्रिगेडियर नेसली हरबर्ट (आई० सी० 5131) सिगनल्स।

8. ब्रिगेडियर नरोत्तम सिंह गुरे (आई० सी० 6983) इन्फैन्ट्री।

9. ब्रिगेडियर विक्रम सिंह कंवर (आई० सी० 5973) इन्फैन्ट्री।

10. ब्रिगेडियर रामचन्द्र प्रभाकरन (आई० सी० 4050) ए० ओ० सी०।

11. ब्रिगेडियर कृष्णन कुमारन (आई० सी० 6128) इंजीनियर्स।

12. ब्रिगेडियर तेज सिंह (वी० 37) आर० वी० सी०।

13. ब्रिगेडियर करुणाकर भास्कर नायर (आई० सी० 10199) जे० ए० जी० विभाग (सेवानिवृत्त)।

14. ब्रिगेडियर रवीन्द्र गुप्त (आई० सी० 5344) ए० एम० सी०।

15. ब्रिगेडियर अमरजीत सिंह कलकट (आई० सी० 7347) वी० एस० एम०, इन्फैन्ट्री।

16. ब्रिगेडियर ओम प्रकाश चोपड़ा (आई० सी० 4626) ई० एम० ई० (सेवानिवृत्ति)।

17. ब्रिगेडियर श्रीधर शुक्ला (आई० सी० 4752) ए० एस० सी० (सेवानिवृत्ति)।

18. ब्रिगेडियर गुरिन्दर नाथ वर्मा (आई० सी० 2296) आर्मर्ड कोर, (सेवानिवृत्ति)।

19. ब्रिगेडियर कैलाश नाथ टकरू (आई० सी० 5442) आर्टिलरी, (सेवानिवृत्ति)।

20. ब्रिगेडियर देव प्रसाद घोष (एम० आर० 485) ए० एम० सी० (सेवा निवृत्त)।

21. ब्रिगेडियर पिल्ललमर्री वेंकटराममूर्ति (आई० सी० 5071) ई० एम० ई० (सेवानिवृत्ति)।

22. ब्रिगेडियर फ्रांसिस डी लेसी ओ लियरी (एम० आर० 572) ए० एम० सी०, (सेवानिवृत्त)।

23. कमोडोर प्रकाश सिंह लाम्बा (500013 आर०)।

24. कमोडोर रमेश चन्द (50009 एफ०) (सेवानिवृत्ति)।

25. कमोडोर वियालुर सीताराम अरुणाचलम (70004-जेड) (सेवा निवृत्ति)।

26. एयर कमोडोर एडविन पोटर (3667), लेखा।

27. एयर कमोडोर रिपु दमन गाङ्गुली (3867) उड़ान (पायलट)।

28. एयर कमोडोर कनकपल्ली वेंकटशेष सूर्यनारायण राव (4058) वै० ई० (इलै०)।

29. एयर कमोडोर भरत लाल वर्मा (4206) उड़ान (नेविगेटर)

30. कर्नल जगजीत सिंह (आई० सी० 6601) वी० एस० एम०, आर्टिलरी।

31. कर्नल सेखरीपुरम सहस्त्रानामन कृष्णामूर्ती (आई० सी० 6539) ई० एम० ई० (सेवानिवृत्ति)।

32. ग्रुप कैप्टेन जुगल किशोर कपूर, वी० एस० एम० (4044) वी० ई० (यां)।

33. ग्रुप कैप्टन कृष्ण नारायण पिल्ले (4874) उड़ान (पायलट)

34. ग्रुप कैप्टेन पालामटै मुत्तुस्वामी रामचन्द्रन, एस० सी०, वी० एम० (4973) उड़ान (पायलट)।

35. ग्रुप कैप्टेन त्रिलोचन सिंह वी० चक्र, वी० एम० (5043) उड़ान (पायलट)।

36. सर्जन कमांडर देवदत्त घोष (75056-एफ)।

37. मेजर (कुमारी) एलिज़ाबेथ एन्ड्रूज (ए० आर० 12381) एम० एन० एस० (सेवानिवृत्त)।

सं० 30-प्रेज/80.—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्ति की उसकी असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "अति विशिष्ट सेवा मैडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर विद्याधर विष्णु धावले (आई० सी० 6246) ए० वी० एस० एम० (आर्टिलरी)।

सं० 31-प्रेज/80.—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उनकी असाधारण विशिष्ट सेवा के उपलक्ष्य में "विशिष्ट सेवा मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर ब्रिज मोहन सेठी (आई० सी० 7037) इंजीनियर्स।

2. कर्नल कृष्ण दास बेनर्जी (आई० सी० 4924) ए० एस० सी० (सेवानिवृत्त)।

3. कर्नल राजेन्द्र पाल अग्रवाल (आई० सी० 6770) ए० ओ० सी०

4. कर्नल मदन लाल मेहरा (आई० सी० 6178) ई० एम० ई०।

5. ग्रुप कैप्टेन रनबीर सिंह राणा (5106) उड़ान (पायलट)।

6. लैफ्टिनेन्ट कर्नल (स्थानीय कर्नल) हिम्मत सिंह गिल (आई० सी० 10445) आर्मर्ड कोर।

7. लैफ्टिनेंट कर्नल प्रेम सरन सत्संगी (आई० सी० 8640) ए० ई० सी०।

8. लैफ्टिनेंट कर्नल आनन्द सिंह (आई० सी० 7473) गढ़वाल राइफल्स।

9. लैफ्टिनेंट कर्नल अमरजीत सिंह (आई० सी० 7670) ई० एम० ई०।

10. लैफ्टिनेंट कर्नल अपूर्व दैत्यारि (एम० आर० 990) ए० एम० सी०।

11. लैफ्टिनेंट कर्नल वेलाचेरि जगदेसन सुन्दरम (आई० सी० 10586) ई० एम० ई०।

12. लैफ्टिनेंट कर्नल बद्री दास बंसल (आई० सी० 10551) बिहार।

13. लैफ्टिनेंट सन्तोख सिंह (आई० सी० 12862) सिख।

14. लैफ्टिनेंट कर्नल मदन गोपाल सिंह भल्ला (आई० सी० 13094), इंजीनियर्स।

15. लैफ्टिनेंट कर्नल देवी दयाल सिंह (आई० सी० 12710) सिख लाईट इन्फैन्ट्री।

16. लैफ्टिनेंट कर्नल गोविन्द बाबू गौतम (आई० सी० 12713) मराठा लाईट इन्फैन्ट्री।

17. लैफ्टिनेंट कर्नल हरजीत सिंह वडालिया (आई० सी० 11844) आर्टिलरी।

18. लैफ्टिनेंट कर्नल मधुकर वासुदेव कदम (आई० सी० 12448) महार।

19. लैफ्टिनेंट कर्नल हैरिक एलन रोशन (आई० सी० 12541) मद्रास।

20. लैफ्टिनेंट कर्नल मनजीत सिंह भुल्लर (आई० सी० 12524) सिख।

21. लैफ्टिनेंट कर्नल अमर सिंह भगवानराव पाटिल (आई० सी० 13388) जाक राइफल्स।

22. लैफ्टिनेंट कर्नल विजय ग्रोवेराय (आई० सी० 12522) मराठा लाईट इन्फैन्ट्री।

23. लैफ्टिनेंट कर्नल राजेन्द्र सिंह कादयान (आई० सी० 13153) राजपूताना राइफल्स।

24. लैफ्टिनेंट कर्नल वैलायुधन (एस० एल० 300) जनरल सर्विस (सेवानिवृत्त)।

25. कमांडर एडोल्फ ब्रिटो (40143 एच०) आई० एन

26. कमांडर ऐट आर्मस सुभाष कुमार मण्डल (00459 टी०) आई० एन०।

27. कमांडर देशबन्धु कपिला (50104 वाई०) आई० एन०।

28. विंग कमांडर विलम्पिल गोपाल (4520), वैमानिक इंजीनियरी (यांत्रिक)।

29. विंग कमांडर चित्रगुप्त मंगल (5511), प्रशासन।

30. विंग कमांडर विजेन्द्र कुमार सिंघल (5535), चिकित्सा।

31. विंग कमांडर मुहम्मद अब्दुल रहमान (5711), उड़ान (नेविगेटर)।

32. विंग कमांडर सुभाष चन्द्र मदान (5965), वैमानिक इंजीयनयरी (इलैक्ट्रानिक)।

33. मेजर अखिल मिश्र (एम० आर० 2096), ए० एम० सी०।

34. मेजर विजय कुमार सिंह (एम० आर० 2277) ए० एम० सी०।

35. मेजर जोरावर सिंह (टी० ए० 40619), टैरिटोरियल आर्मी।

36. कार्यकारी लैफ्टिनेंट कमांडर (एस० डी० जी०) कृष्ण लाल (88046 वाई०)।

37. स्कवाड्रन लीडर उमा शंकर मिश्र (6399) वैमानिक इंजीनियर (यांत्रिक)।

38. स्कवाड्रन लीडर पुत्तुमना देवीवासन मैनन (9133), वैमानिक इंजीनियरी (इलैक्ट्रानिक)।

39. कैप्टेन जागीर सिंह ढिल्लों (एस० एल० 1712) ई० एम० ई०।

40. कैप्टेन रणबीर सिंह (आई० सी० 17155), मिलिटरी फार्मस।

41. कैप्टेन सुरेन्द्र कुमार सूद (आई० सी० 30417) पैराशूट रेजिमेंट।

42. कैप्टेन मंच कोलप राजन (आई० सी० 22956), ए० एस० सी०

43. कैप्टेन शमशेर सिंह (आई० सी० 17592) पैराशूट रेजिमेंट (सेवानिवृत्त)।

44. 27701 मास्टर वारंट अफसर (आनरेरी फ्लाईट लैफ्टिनेंट) टाम डेविड एयरक्राफ्ट हैन्ड/जनरल ड्यूटी (सेवानिवृत्त)।

45. जे० सी० 28510 सूबेदार मेजर रतवान सिंह, आर्टिलरी।

46. जे० सी० 43954 सूबेदार मेजर अनन्त राम, आर्मी फिजिकल ट्रेनिंग कोर।

47. जे० सी० 13048 रिसालदार मेजर कुन्ज लाल, आर्मर्ड कोर (सेवानिवृत्त)।

48. मास्टर चीफ पैट्टी अफसर (फर्स्ट क्लास) नररंजन गांगुली (044883) एच०)।

49. 200315 मास्टर वारंट अफसर मदन सिंह रावत, फिटर-1।

50. 208592 वारंट अफसर पुत्तनपुरयल, चेरियन मैथ्यू, वैपन फिटर

51. 3369247 नायक हरजीत सिंह, सिख।

के० सी० माडप्पा, राष्ट्रपति के सचिव

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 29 फरवरी, 1980

सं० 12/8/79-के० से० II--कर्मचारी चयन आयोग, (गृह मंत्रालय) कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड 'ध' में अस्थाई रिक्तियों को भरने के लिए वर्ष 1979, के दौरान प्रत्येक दो महीने में एक बार एक महीने के द्वितीय शनिवार तथा रविवार और यदि आवश्यक हुआ तो उसके बाद पड़ने वाली छुट्टी/रविवार को ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियम जन साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या का निर्धारण सरकार द्वारा समय-समय पर किया जायेगा और कर्मचारी चयन आयोग को इस की सूचना आयोग द्वारा परीक्षाओं के परिणाम घोषित किया जाने से पहले दे दी जायगी। प्रत्येक परीक्षा के लिए रिक्तियों की संख्या लगभग 50 होगी। भारत सरकार द्वारा यथानिर्धारित रिक्तियों के सम्बन्ध में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण किये जायेंगे।

अनुसूचित जाति/जन जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित है :--

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 संविधान) अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1950, विधान (अनुसूचित जाति) संघ राज्य क्षेत्र आदेश, 1951, संविधान अनुसूचित जन जाति संघ राज्य क्षेत्र में आदेश, 1951, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 बम्बई पुनर्गठन बैंक अधिनियम, 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वीय क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम, 1971 द्वारा संशोधित किए गए के अनुसार संविधान (जम्मू व काश्मीर अनुसूचित जाति आदेश 1956, संविधान (अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश 1962 संविधान : (पांडिचेरी, अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति (उत्तर प्रदेश), 1967 अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोआ, दमन तथा दीव अनुसूचित जन जाति आदेश 1968 और संविधान (नागालैंड अनुसूचित जन जाति आदेश, 1970 तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट I में निर्धारित ढंग से ली जायेगी। प्रदेश के प्रयोजन के लिए उन्हें अपने आवेदन-पत्र परिशिष्ट II में दिए गए प्रपत्र के अनुसार सादे कागज पर भेजने होंगे। इन आवेदन-पत्रों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा समुच्चय संवीक्षा के बाद परीक्षा लिए जाने वाले महीने के पूर्ववर्ती महीने की अधिक से अधिक 1 तारीख तक कर्मचारी चयन आयोग को अग्रेषित कर दिया जाएगा।

4. नियमित रूप से नियुक्त केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा का कोई स्थाई या अस्थाई अवर श्रेणी /उच्च श्रेणी लिपिक इस परीक्षा में बैठने तथा उन रिक्तियों के लिये प्रतियोगिता करने का पात्र होगा।

(1) सेवा की अवधि --उसने केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी में एक जनवरी, 1979 की कम से कम दो वर्ष की अनुमोदित तथा निरन्तर सेवा कर ली हो।

टिप्पणी 1 --यदि किसी उम्मीदवार को गिनने योग्य कुल सेवा अंशत: केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी ग्रेड में हों तो दो वर्ष की अनुमोदित तथा निरन्तर सेवा की सीमा लागू होगी।

टिप्पणी 2 --केन्द्रीय सचिवालय सेवा की अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड या उच्च श्रेणी के वे अधिकारी जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नि:संवर्ग पदों में प्रतिनियुक्ति पर हैं यदि अन्यथा पात्र हों तो इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। यह शर्त उस अधिकारी पर भी लागू होती है जो स्थानान्तरण पर किसी नि:संवर्ग पद पर या किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया है और यदि उस अधिकारी का केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी ग्रेड में फिलहाल कोई पूर्व ग्रहणाधिकार चलता जा रहा हो।

टिप्पणी 3 --अवर श्रेणी या उच्च श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप में नियुक्त अधिकारी का अर्थ उस अधिकारी से है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम, 1962 के आरम्भ में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा किसी संवर्ग में आबंटन हो या उसके पश्चात् उस सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च ग्रेड में दीर्घ कालीन आधार पर जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित कार्य पद्धति के अनुसार नियुक्त हो।

(2) आयु-उसकी 1 जनवरी, 1979 को 50 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1929 से पहले नहीं होना चाहिए।

(5) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में अतिरिक्त छूट दी जाएगी।

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति से सम्बन्धित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद (लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले प्रवर्जन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति से संबंधित हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद (लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले) प्रवर्जन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष;

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित हो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत लंका समझौतों के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्री लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(6) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उगांडा और संयुक्त तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) जाम्बिया मलावी तथा इथोपिया से प्रवर्जित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक;

(7) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रवर्जित हुआ हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(8) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति से संबंधित हो और बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रवर्जित हुआ हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(9) किसी दूसरे देश से संघर्ष के समय अथवा किसी उपद्रव ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाही के समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(10) किसी दूसरे देश में संघर्ष के समय अथवा किसी उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाही के समय अशक्त हुए तथा उसके परिणाम स्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जातियों से संबंधित हों, अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(11) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान हमलों में विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम तीन वर्ष तक; और

(12) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान हमलों में विकलांग हुए तथा उनके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के हों।

(13) यदि उम्मीदवार वियतनाम से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और जुलाई, 1975 से पहले भारत में प्रवासित हुआ न हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

6. परीक्षा में असफल होने वाला उम्मीदवार अगली परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं होगा, परन्तु उससे अगली या उसके बाद की ही परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

7. ऐसे किसी उम्मीदवार की परीक्षा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जिसके पास आयोग द्वारा दिया गया प्रवेश प्रमाण पत्र न हो।

8. सामान्य उम्मीदवारों को 8-00 (केवल रु० 8.00) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों को रु० 2.00 (केवल 2.00) की निर्धारित फीस पोस्टल आर्डरों या बैंक ड्राफ्ट के द्वारा देनी होगी।

9. अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी भी साधन द्वारा समर्थन प्राप्त करने के प्रयास किए जाने से प्रवेश के लिए उसे अनर्हक किया जा सकेगा।

10. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिये दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया है कि उसने—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त किया है अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया है, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तत्व को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा भवन में प्रवेश पाने के लिये किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(8) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है अथवा

(9) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उसे परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिये अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थाई रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिये

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन परीक्षा के लिये, तथा

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

11. परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को आयोग द्वारा एक सूची में प्रत्येक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिये गये कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार रखा जायेगा और इसी क्रम में उतने उम्मीदवारों का, जितनों को आयोग द्वारा उत्तीर्ण समझा जायेगा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "घ" के पदों में परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक नियुक्ति के लिए सिफारिश की जायेगी।

लेकिन यह भी शर्त है कि यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिये निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई हो तो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित सामान्य स्तर के अनुसार उस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित कर देने पर उसे सेवा/पद में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियुक्ति की जाने के लिये परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान किये बिना ही उसकी सिफारिश कर दी जायेगी।

टिप्पणी:—उम्मीदवारों को यह भी स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिये कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक। परीक्षा के लिये परिणामों के आधार पर सेवा के ग्रेड "ख" में नियुक्त किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या निश्चित करने के लिये सरकार पूर्णता सक्षम है। अतः किसी भी उम्मीदवार का इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर, एक अधिकार के तौर पर, ग्रेड "घ" आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति के लिये कोई दावा नहीं होगा।

12. अलग-अलग उम्मीदवारों के परीक्षा परिणामों की सूचना के स्वरूप तथा प्रकार के बारे में आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्णय किया जायेगा और आयोग उसके साथ परीक्षा फल के बारे में कोई पत्राचार नहीं करेगा।

13. परीक्षा में सफलता मात्र से ही चयन का तब तक कोई अधिकार नहीं मिलता जब तक कि सरकार द्वारा यथावश्यक जांच पड़ताल न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में अपने चरित्र की दृष्टि से चयन के लिये सब प्रकार से उपयुक्त है।

वह उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिये आवेदन करने के पश्चात् अथवा उसमें बैठने के पश्चात् अपने पद से त्यागपत्र दे देता है अथवा सेवा को अन्यथा छोड़ देता है /अथवा उसके साथ विच्छेद कर लेता है, उसके विभाग द्वारा उसकी नौकरी समाप्त कर दी जाती है अथवा जो उम्मीदवार "स्थानान्तरण" पर किसी संवर्ग बाह्य पद अथवा किसी दूसरी सेवा में नियुक्त किया जाता है और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में उसका पूर्व ग्रहणाधिकार नहीं होता है उस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

किन्तु यह उस उम्मीदवार पर लागू नहीं होता जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है।

ए० एल० राजेन्द्रन, अवर सचिव

परिशिष्ट-1

उम्मीदवारों को अंग्रेजी में या हिन्दी में 10 मिनट की एक श्रुतलेख की परीक्षा 80 शब्द प्रति मिनट की गति से देनी होगी। जो उम्मीदवार अंग्रेजी में परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें 65 मिनट में लिप्यन्तर करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें क्रमशः 75 मिनट में लिप्यन्तर करना होगा। आशुलिपि परीक्षा के लिये अधिकतम अंक 300 होंगे।

टिप्पणी:—जो उम्मीदवार आशुलिपि परीक्षा हिन्दी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि और जो उम्मीदवार आशुलिपि की परीक्षा अंग्रेजी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी होगी।

2. उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि के नोटों का टाईपराइटर पर लिप्यान्तरण करना होगा और इस प्रयोजन के लिये उन्हें अपने साथ अपने टाईपराइटर लाने होंगे।

प्रपत्र

कर्मचारी चयन आयोग

ग्रेड 'घ' आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा

अन्तिम तारीख—परीक्षा के महीने ;
पहले महीने की 10 तारीख

यहां उम्मीदवार के पासपोर्ट साइज के फोटो की हस्ताक्षरित प्रति चिपकाई जाये। दूसरी हस्ताक्षरित फोटो की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिये।

(1) पोस्टल आर्डर्स/बैंक ड्राफ्ट का विवरण और मूल्य

(2) उम्मीदवार का नाम श्री/श्रीमती/कुमारी (साफ अक्षरों में)

(3) सही जन्म तिथि (ईसवी सन् में)

(4) जिस कार्यालय में कार्य कर रहे हों उसका नाम तथा पता

(5) क्या आप

(i) अनुसूचित जाति,

(ii) अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं

उत्तर यदि "हां" अथवा "नहीं" दें।

(6) (i) पिता का नाम

(ii) पति का नाम (महिला उम्मीदवार के मामले में)

(7) जिस भाषा (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) में आप आशुलिपि परीक्षा देना चाहते हों, उसका नाम लिखें।

(8) क्या आप पिछली परीक्षा में बैठे थे, यदि हां तो अपना रोल नम्बर तथा परीक्षा का महीना लिखें।

(9) क्या आप केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड/उच्च श्रेणी ग्रेड के स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थाई अधिकारी है? और क्या आपने उस वर्ष की पहली जनवरी को जिसमें परीक्षा होनी है संगत ग्रेड में न्यूनतम दो वर्ष की अनुमोदित लगातार सेवा कर ली है।

(10) यदि आप सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर हैं अथवा संवर्ग बाह्य पद पर स्थानान्तरण के आधार पर हैं तो क्या आप पूर्व पद पर अपना धारणाधिकार (लियन) रखेंगे।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

उस कार्यालय के विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जाने के लिये जिसमें उम्मीदवार सेवा कर रहा है।

प्रमाणित किया जाता है कि:—

(1) आवेदन पत्र के कालमों में उम्मीदवार द्वारा की गई प्रविष्टियों को उसके सेवा रिकार्डों से जांच कर ली गई और वे सही हैं।

(2) उसके आवेदन पत्र की जांच कर ली गई है और प्रमाणित किया जाता है कि वह नियमों में निर्धारित सभी शर्तों को पूरा करता है तथा वह परीक्षा में बैठने के लिए सभी तरह से पात्र है।

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

विभाग/कार्यालय

संख्या------

तारीख-----------

टिप्पणी:— जो उम्मीदवार एक बार फेल हो जाता है वह केवल अगले तीन महीनों के बाद ही परीक्षा में बैठ सकता है अर्थात जो उम्मीदवार अप्रैल में ली जाने वाली परीक्षा में फेल हो जाये तो वह अगस्त अथवा उसके बाद होने वाली परीक्षा 2 बैठ सकता है।

उद्योग मंत्रालय

(भारी उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 फरवरी 1980

का० आ० एफ० टी०/ई० सी०/एच० आई०/80—200 मील की दूरी तक अन्य आर्थिक क्षेत्र के घोषित हो जाने से मछली पकड़ने के लिए अतिरिक्त क्षमता का विदोहन करने के उद्देश्य से सरकार ने गहरे समुद्र म मछली पकड़ने म लगे उद्योग के विकास के लिए अपेक्षित मत्स्य नौकाओं के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के उपायों के बारे में निर्णय किया है। एक परिचालन ढांचे के माध्यम से वांछित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ये उपाय निम्नलिखित हैं:—

1. आयातित मत्स्यनौकाओं की तुलना में लागत में अन्तर्निहित असुविधा को दूर करने की दृष्टि से स्वदेशी मत्स्यनौका निर्माण उद्योग को कस्टम प्रशुल्क में किसी प्रकार का संरक्षण न मिलने पर स्वदेशी मत्स्यनौका निर्माता को मत्स्यनौका की कीमत के 33% की समान दर से राज सहायता प्रदान की जाएगी। अतः स्वदेशी उद्योग इस आधार पर एक निश्चित कीमत बना सकता है। मूल्य अनुशासन के उपाय के रूप में स्वदेशी मत्स्यनौकाओं के लिए 10% तक मूल्यों में परिवर्तन करने की अनुमति देने का विचार है।

2. इन प्रयोजनों के लिए भारी उद्योग विभाग में एक अधिकार प्राप्त समिति द्वारा ट्रालर डेवलपमेंट सपोर्ट फंड (टी० डी० एस० एफ०) संचालित किया जायेगा।

3. उद्योग के विकास के मानीटरिंग के हित में मत्स्यनौका निर्माताओं को विशेष रूप से पंजीकृत/प्रमाणित किया जायेगा, जिसके लिए भारी उद्योग विभाग में मत्स्यनौकाओं के लिए अधिकार प्राप्त समिति के सचिवालय को आवेदन दिए जाने चाहिए। ऐसे यार्ड जिन्होंने अपेक्षित स्तरों की कार्यकुशलताओं और सुविधाओं का विकास कर लिया है, योजना के अन्तर्गत प्रमाणित किए जायेंगे और वे मत्स्यनौका विकास सहायता के पात्र होंगे।

4. छोटे तथा बड़े यार्डों की सम्पूरकताओं को अत्यधिक बड़ा बनाने के लिए मत्स्यनौका निर्माण उद्योग को एक "कन्सॉटियम" दृष्टिकोण के आधार पर संगठित किया जायगा। कन्सॉटियम को पश्चिमी तट पर मझगांव डाक लिमिटेड और पूर्वी तट पर गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा चलाया जायेगा। डिजाइन दक्षता के विकास को बढ़ाने के लिए अपेक्षित मत्स्य ग्रहण प्रौद्योगिकियों के लिए ड्राइंगों और डिजाइनों के चयनात्मक आयात की अनुमति दी जायेगी।

5. डिजाइन, गुणवत्ता, डिलीवरी की तालिकाओं, कारीगरी और कार्य के रूप में स्वदेशी उद्योग की योग्यताओं के बारे में मत्स्यनौकाओं के भावी खरीददारों को पूर्णरूप से अवगत कराने के लिए मत्स्यनौका निर्माता कारगर विपणन कार्यक्रम शुरू करेंगे।

6. ग्राहकों को अपनी पसन्द के आयातित उपकरण प्राप्त करने की सुविधा देने की दृष्टि से स्वदेशी दृष्टिकोण से जांच किए बिना मत्स्यनौका की लागत के 20% मूल्य तक विनिर्दिष्ट सूची में से मत्स्यनौका निर्माताओं को हिस्से पुर्जों और उपकरणों के आयात की अनुमति दी जायेगी। इन उपकरणों और हिस्से पुर्जों की ऐसे यार्डों द्वारा भी बिना शुल्क के आयात की अनुमति दी जायेगी जिनके पास बन्धक गोदाम का प्रबंध नहीं है।

7. मत्स्यनौकाओं के आयात की अनुमति चयनात्मक आधार पर लागत, डिलीवरी और विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर दी जायेगी ताकि स्वदेशी मत्स्यनौका निर्माण उद्योग में उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग के अनुरूप समुद्री मत्स्य-ग्रहण उद्योग का तेजी से विकास करने का सुनिश्चित हो सके। आयात की आवश्यकताओं का निर्धारण सचिवों की समिति द्वारा किया जायेगा यद्यपि आयात के अलग-अलग मामलों पर कृषि विभाग में फिशिंग वेसल्स एक्वजिशन कमेटी (एफ वी ए सी) द्वारा विचार किया जायेगा।

अधिकार प्राप्त समिति मत्स्यनौका निर्माण उद्योग की प्रगति और सहायक उद्योगों के विकास की समय-समय पर समीक्षा करेगी। मत्स्यनौकाओं पर लगाने के लिए आयात किए जाने वाले उपकरणों और हिस्से पुर्जों की सूची को यह समिति समय-समय पर संशोधित करेगी।

[सं० 16-11/76-एच०एम०-II]

हरी भूषण, संयुक्त सचिव, और
पदेन सलाहकार (तकनीकी)

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली-110029, दिनांक 29 फरवरी 1980

संकल्प

विषय:—पर्यावरणीय प्रतिरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विधायी उपायों और प्रशासनिक तंत्र की सिफारिश करने के लिए समिति का संघटन

सं० 1/4/80-इन्वा०—23 जनवरी, 1980 को सातवीं संसद के पहले संयुक्त अधिवेशन में अभिभाषण करते हुए भारत के राष्ट्रपति ने पर्याप्त शक्तियों सहित विशेष तंत्र की स्थापना करने की आवश्यकता की ओर संकेत किया ताकि पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के उपायों को योजनाबद्ध विकास में शामिल किया जा सके। इसे पर्यावरण के क्रमिक ह्रास के सन्दर्भ में ह्रास, जो कि देश और जनता के वर्तमान और भावी कल्याण के लिए खतरा है, उसकी ओर संकेत किया गया। इस बात पर बल दिया गया है कि वनरोपण, बाढ़-नियंत्रण, मृदा संरक्षण, वनस्पतिजात और प्राणिजात को परिरक्षण, उपयुक्त भू उपयोग योजना, जल और वायु प्रदूषण नियंत्रण और उद्योगों के न्याय संगत स्थान निर्धारण की तत्काल आवश्यकता के आधार पर कार्यान्वित किया जाना चाहिए।

2. राष्ट्रपति के अभिभाषण में अभीष्ट विशेषतन्त्र के लिए केन्द्रीय और राज्यों के स्तर पर पर्यावरण की प्रतिरक्षा के लिए मौजूदा कानूनों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने और उपयुक्त सिफारिशें करने की आवश्यकता है।

3. उसके अनुसरण में, भारत सरकार ने एक सदर्थ समिति का गठन किया है जिसके निम्नलिखित सदस्य हैं:

(1)	उपाध्यक्ष योजना आयोग	अध्यक्ष
(2)	सचिव, कृषि मंत्रालय	सदस्य
(3)	सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	सदस्य
(4)	श्री एम० कृष्णन, प्रकृति वैज्ञानिक और वन्य जीवन छविकार, मद्रास।	सदस्य
(5)	श्री ज़फर फतेहअली, डोडा गुब्बी पोस्ट, बंगलौर	सदस्य
(6)	श्री बी० बी० वोहरा, सचिव, पेट्रोलियम विभाग	सदस्य
(7)	श्री निलय चौधरी, अध्यक्ष, जल प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का केन्द्रीय बोर्ड, नई दिल्ली।	सदस्य
(8)	श्री अर्जन सिंह, 'टाइगर हैवन', डाकखाना पलिया, जिला खेड़ी, उत्तर प्रदेश	सदस्य
(9)	प्रो० माधव गाडगिल, इंडियन इन्स्टीटयूट आफ साइंस, बंगलौर	सदस्य
(10)	डा० ए० के० गांगुली, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, बम्बई	सदस्य

4. समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे:

(क) केन्द्र और राज्य स्तरों पर पर्यावरणीय प्रतिरक्षा के विषय पर मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना और पर्यावरणीय गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए विधायी उपायों की सिफारिशें करना।

(ख) पर्यावरण की प्रतिरक्षा के लिए मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना और पर्यावरणीय प्रतिरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संशोधित प्रशासनिक तंत्र की सिफारिशें करना।

(ग) पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार और परिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए केन्द्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकार में उपयुक्त और पर्याप्त तंत्र की सिफारिश करना।

5. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, समिति के कार्यक्रम और कार्य का समन्वय करेगा और इसे आवश्यक सचिवालय सहायता प्रदान करेगा समिति के संयोजक की नियुक्ति के बारे में अलग आदेश जारी किए जाएंगे और वह पूर्णकालिक आधार पर कार्य करेगा।

6. समिति आवश्यकतानुसार, देश के किसी भी भाग में विशेषज्ञों और लोगों से मिलने के लिए और आवश्यक सूचना और आंकड़े आदि प्राप्त करने के लिए बार बार बैठकों का आयोजन कर सकती है।

7. समिति के कार्य के सम्बन्ध में समिति के गैर सरकारी सदस्यों को यात्रा/दैनिक भत्तों का भुगतान विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाएगा।

8. समिति भारत सरकार को अपनी रिपोर्ट 31 जुलाई, 1980 तक प्रस्तुत कर देगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, सम्बन्धित विभागों/संगठनों को प्रेषित की जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की जन सामान्य की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एम० जी० के० मेनन, सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 मार्च 1980

संकल्प

सं० 14011/2/78-अर्थ नीति—कृषि मूल्य आयोग की स्थापना अर्थ-व्यवस्था की समूची आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए तथा उत्पादक तथा उपभोक्ता दोनों के हितों को समुचित महत्व देते हुए एक संतुलित एवं समेकित मूल्य प्रणाली के विकास हेतु कृषि जिन्सों की मूल्य नीति के संबंध में परामर्श देने के उद्देश्य से जनवरी, 1965 में की गई थी। गत वर्षों में आयोग ने कृषि जिन्सों की एक स्थाई और उपयुक्त मूल्य नीति विकसित करने में मदद की है।

आयोग की स्थापना होने के बाद कृषि की स्थिति में पर्याप्त परिवर्तन हुआ है। सिंचाई के अन्तर्गत क्षेत्र और सस्य गहनता में काफी तेजी से वृद्धि हो रही है। उर्वरकों और कीटनाशियों की खपत में वृद्धि हुई है। संस्थागत और अन्य स्रोतों के माध्यम से कृषि का निवेश बढ़ गया है। कृषि और ग्राम विकास को उच्च प्राथमिकता देने के लिए नीति संबंधी अनेक निर्णय लिए गए हैं।

इन कदमों के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में स्थायित्व का एक उपयुक्त स्तर प्राप्त हुआ है और कृषि क्षेत्र की मण्डी उन्मुखता में वृद्धि होने की एक प्रक्रिया शुरू हो गई है। अतः यह आवश्यक समझा गया है कि कृषि मूल्य आयोग के विचारार्थ विषयों में संशोधन और विस्तार किया जाए।

आयोग के विचारार्थ विषय निम्न होंगे :—

1. धान, चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, जौ, चना, तूर, मूंग, उड़द, गन्ना, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी के बीज, लोबिया, सरसों, कपास, पटसन, तम्बाकू, और सरकार द्वारा निर्दिष्ट अन्य जिन्सों की मूल्य नीति के बारे में सलाह देना जिससे कि अर्थव्यवस्था की समूची आवश्यकताओं की भावी रूपरेखाओं में व उत्पादक एवं उपभोक्ता के हितों के बारे में संतुलित तथा समेकित मूल्य संरचना का विकास किया जा सके।

2. मूल्य नीति तथा संबंधित मूल्य संरचना के बारे में सिफारिश करते समय आयोग निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेगा :—

(1) राष्ट्रीय आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने व उत्पादन की एक पद्धति विकसित करने हेतु उत्पादक को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता;

(2) भूमि जल और उत्पादन के अन्य संसाधनों के उपयुक्त उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता;

(3) शोध अर्थ-व्यवस्था और विशेषकर रहन-सहन की लागत तथा मजदूरी औद्योगिक लागत की संरचना, आदि के बारे में मूल्य नीति का सम्भावित प्रभाव।

3. आयोग मूल्य से संबंध न रखने वाले ऐसे उपायों के बारे में सुझाव दे सकता है, जिससे उपर्युक्त 1 में दिए गए उद्देश्यों की प्राप्ति में सुविधा हो।

4. मूल्य नीति को कारगर बनाने के लिये विभिन्न जिन्सों के बारे में समय-समय पर आवश्यक उपायों की सिफारिश करना।

5. कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के उत्पादों के व्यापार के बीच होने वाले परिवर्तनों को ध्यान में रखना।

6. आवश्यकतानुसार विभिन्न क्षेत्रों में कृषि जिन्सों की प्रचलित पद्धतियों एवं विपणन की लागत की जांच करना, विपणन की लागतों को कम करने के लिए सुझाव देना तथा विपणन के विभिन्न स्तरों के लिए उचित मूल्य की सीमा के विषय में सिफारिश करना।

7. विकासात्मक मूल्य स्थिति की जांच पड़ताल करते रहना तथा आवश्यकता पड़ने पर समूची मूल्य नीति के कार्यक्षेत्र में उचित सिफारिशें करना।

8. सरकार द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों के अनुसार विभिन्न फसलों के बारे में अध्ययन करना;

9. मूल्य नीति और कृषि मूल्यों के बारे में जानकारी तथा अन्य संबंधित आंकड़े एकत्रित करने की व्यवस्थाओं से संबंधित अध्ययनों की जांच पड़ताल करते रहना तथा उनमें सुधार लाने के बारे में सुझाव देना और मूल्य नीति के क्षेत्र में अनुसन्धानात्मक अध्ययनों की व्यवस्था करना।

10. सरकार द्वारा समय-समय पर कृषि मूल्यों तथा उत्पादन के संबंध में बतायी जाने वाली समस्याओं के बारे में सलाह देना।

आयोग मूल्यों और उत्पादन को प्रभावित करने वाले मामलों से संबंधित अन्य एजेन्सियों, जिसमें भारतीय खाद्य निगम, भारतीय कपास निगम और भारती पटसन निगम भी शामिल है, से निकट सम्पर्क बनाए रखेगा।

आयोग अपनी कार्यविधि स्वयं निर्धारित करेगा। वह अपने कार्य के लिए सरकारी तथा गैर-सरकारी निकायों से टिप्पणियां, आंकड़े, अध्ययनों के परिणाम, के आंकड़े एवं इसके कार्य से सम्बद्ध अन्य संबंधित सामग्री मंगाने व उनके साथ सम्पर्क स्थापित करने के लिए स्वतन्त्र होगा।

आयोग विभिन्न जिन्सों, अथवा उनके समूहों के बारे में, आवश्यकता पड़ने पर, सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों, सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों, योजना आयोग, संस्थिमण्डल सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय

लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, भारत के नियंत्रक तथा महा लेखा परीक्षक तथा कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि और सहकारिता विभाग) के सभी सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों को भेजी जाय।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सार्वजनिक सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

एम० एस० स्वामीनाथन, सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 23 फरवरी 1980

सं० 8-3/73-एफ० वाई० (टी०-I)--कृषि और सिंचाई मंत्रालय के कृषि और सहकारिता विभाग की संकल्प संख्या 26011/1/77-एफ० वाई० (टी०-I)) तारीख 24 जुलाई 1978 के अनुसरण में राष्ट्रपति श्री जी० एस० विश्वनाथन, अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली को मत्स्यपालन सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए केन्द्रीय मत्स्यपालन बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित करते हैं।

केन्द्रीय मत्स्यपालन बोर्ड में उनकी नियुक्ति इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए होगी।

आर० के० सक्सेना, संयुक्त सचिव

ऊर्जा और सिंचाई मंत्रालय

(सिंचाई विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 मार्च 1980

सं० 19(5) 77-वि० का०-दो, संकल्प/परि-तीन --सोन नदी पर बाणसागर परियोजना के बारे में बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों के बीच सितम्बर, 1973 में हुए समझौते में यह निश्चय किया गया था कि, चूंकि सोन नदी और उसकी सहायक नदियों के जल-वैज्ञानिक पहलुओं की अभी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए भारत सरकार सोन नदी के अध्ययन के लिए एक विशेष नदी आयोग की स्थापना करे और जल के उपयोग में राज्यों द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले पुनः समायोजनों को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के लिए एक व्यापक योजना तैयार करे। राज्यों के बीच आपसी विचार-विमर्श और सहमति के बाद इन अध्ययनों के आधार पर इस क्षेत्र के लिए सिंचाई और अन्य लाभों के लिए अग्रेतर योजना बनाने का काम हाथ में लिया जाएगा। तदनुसार, भारत सरकार ने बिहार मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों के साथ परामर्श करके सोन नदी आयोग की स्थापना करने का निश्चय किया है, जिसका गठन इस प्रकार होगा :--

1. अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना	अध्यक्ष
2. अध्यक्ष, केन्द्रीय भूगत जल बोर्ड, कृषि विभाग अथवा उनके द्वारा नामजद व्यक्ति	सदस्य
3 बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों के एक-एक प्रतिनिधि	सदस्य
4. मुख्य इंजीनियर, केन्द्रीय बाढ़ पूर्वसूचना संगठन, केन्द्रीय जल आयोग	सदस्य
5. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य
6. भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य
7. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि	सदस्य
8. कृषि अर्थशास्त्री	सदस्य
9. मुख्य इंजीनियर, सोन नदी आयोग	सदस्य-सचिव

सदस्य-सचिव को छोड़कर जोकि पूर्णकालिक होंगे, अध्यक्ष और अन्य सभी सदस्य अंशकालिक आधार पर कार्य करेंगे।

आयोग का मुख्यालय पटना, बिहार में होगा और इसकी बैठकें एक वर्ष में कम से कम दो बार होंगी। आयोग के विचार-विमर्श के दौरान यदि आवश्यक हो तो अध्यक्ष किसी विशेषज्ञ/विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकता है।

4. आयोग के कार्य निम्नलिखित होंगे :--

(1) विभिन्न स्थलों पर विविध निर्भरताओं (डिपेंडिबिलिटीज) के आधार पर जल की प्राप्ति का अनुमान लगाने सहित सोन नदी और उसकी सहायक नदियों के जल-विज्ञान और जल-मौसम विज्ञान संबंधी आंकड़ों का संकलन और विश्लेषण करना।

(2) कृषि-शास्त्र, भू-विज्ञान संबंधी और सामाजिक आर्थिक पहलुओं से संबंधित आंकड़ों सहित तीनों राज्यों में सोन नदी के जल के वर्तमान उपयोग संबंधी आंकड़ों को एकत्रित करना और उनका संकलन करना।

(3) भावी जल विकास के बारे में राज्य सरकारों द्वारा किए गए अध्ययनों सहित निर्माणाधीन, विचाराधीन और अन्वेषणाधीन परियोजनाओं के बारे में आंकड़े एकत्रित करना और उनका संकलन करना।

(4) जल और भू-संसाधनों के विकास के लिए बेसिन योजना और क्षेत्रीय योजनाएं तैयार करने के लिए आवश्यक पूरक अन्वेषण और अध्ययन करना और ऐसा करते समय राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त आंकड़ों और अध्ययनों के आधार पर दिए गए वैकल्पिक प्रस्तावों पर उपयुक्त ध्यान देना।

(5) गंगा नदी के जल को लिफ्ट करके उसके सम्भाव्य उपयोग को ध्यान में रखते हुए सिंचाई और अन्य बहुद्देश्यीय उपयोगों के लिए सोन नदी के जल के इष्टतम उपयोग के लिए एक व्यापक बेसिन-योजना और क्षेत्रीय योजना तैयार करना और प्रस्तुत करना।

5. आयोग को अपने उक्त कार्यों का वहन करने में आवश्यक स्टाफ द्वारा सहायता दी जाएगी। आयोग अपनी कार्रवाइयों के बारे में सिंचाई विभाग को प्रत्येक तिमाही में एक बार अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। आयोग अपना काम 7 वर्षों की अवधि में पूरा करेगा।

6. आयोग पर होने वाला खर्च भारत सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों, राष्ट्रपति के निजी और सैनिक सचिवों, प्रधान मंत्री कार्यालय, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, योजना आयोग और केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के पास सूचनार्थ भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों से इसे राज्य के राजपत्रों में आम सूचना के लिए प्रकाशित करने का अनुरोध किया जाए।

सी० सी० पटेल, सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 1980

No. 28-Pres./80.—The President is pleased to approve of the award of "Param Vishisht Seva Medal" to the undermentioned personnel for distinguished service of the most exceptional order :—

1. Lt. Gen. Jitendra Chandra Chatterji (MR 495), AMC
2. Vice Admiral Vivian Eric Charles Barboza, AVSM and *Bar* (00033Z)
3. Air Marshal Chandrakant Shridhar Naik, AVSM, VSM (3499) AE (M)
